सन्देश

दीपावली के शुभ अवसर पर मैं, भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

दीपावली बुराई पर अच्छाई की और अंधकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है। भारत में यह त्योहार, अलग-अलग मान्यताओं का अनुसरण करने वाले विभिन्न वर्गों में व्यापक स्तर पर मनाया जाता है और दीपावली का यह शुभ अवसर परस्पर प्रेम, भाईचारे और मैत्री का संदेश देता है। वस्तुत: यह त्योहार समृद्धि और खुशियों को, धन-धान्य को, एक दूसरे के साथ साझा करने का अनुपम अवसर प्रदान करता है।

आइए, हम सब मिलकर, इस लोकरंजक त्योहार को स्वच्छ और सुरक्षित तरीके से मनाएं और पर्यावरण की रक्षा में योगदान करने का संकल्प लें।

****